दैनिक
# न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, सोमवार 03 मार्च 2025
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### महिला का अपहरण करने वाले दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** अज्ञात दो युवकों ने ई-रिक्शा से महिला का अपहरण करने मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 34 वर्षीय प्रार्थिया ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह पंडित दिनदयाल ऑडिटोरियम के पीछे से पैदल जा रही थी, तभी ई-रिक्शा सवार अज्ञात दो युवकों ने चलो छोड़ देता हूं कहते हुए ई-रिक्शा में बिठाया और जबरनक मुंह बंद कर कमरे में ले जाकर बंद कर दिया। जिससे कमरे का ताला ठीक से बंद नहीं था, तो प्रार्थिया से भाग निकली और इसकी शिकायत सरस्वती नगर थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### महिला के खाते से 6 लाख से अधिक रकम पार

**रायपुर (आरएनएस)।** भवानी नगर कोटा में अज्ञात आरोपी ने एक महिला के बैंक खाते से 6 लाख से अधिक रकम पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सतीष राजपूत 38 वर्ष भवानी नगर कोटा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने फोन पर लिंक भेजा, जिसे ओपन करने पर प्रार्थिया के बैंक खाते से 30 बार में 6 लाख 700 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पानी पीने से चार लोग बीमार, अस्पताल दाखिल

**कोरबा (आरएनएस)।** कहा गया है कि जल ही जीवन है । ऐसे में क्या कोई भी व्यक्ति जल का उपयोग करने से बीमार पड़ सकता है। निश्चित रूप से इसका उत्तर ना में ही होगा। लेकिन कोरबा जिले के बरपाली तुर्रि धाम नगरदा गांव मैं एक घटना हुई जिसमें पानी का उपयोग करने से चार लोग बीमार पड़ गए। उन्हें कोरबा के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है। बताया गया है कि नगरदा तुरी धाम निवासी 50 वर्षीय प्यारेलाल 48 वर्षीय पत्नी कलाबाई 32 वर्षीय बेटी दिलवाई और 35 वर्षीय दामाद रथ राम ने बीती रात अपने घर पर एक साथ भोजन किया। खाना खाने के 1 घंटे बाद सबकी तबीयत बिगडने लगी ।उन्हें अस्पताल लाने से पहले पड़ोसियों ने क्या खाया, क्या पिया इसकी जानकारी ली तो पता चला की खाने के बाद जिस टब में रखे पानी को सबने पिया था, उसमें मरी हुई छिपकली पड़ी थी। आशंका जताई जा रही है कि छिपकली के जहर का असर परिवार पर पड़ा है। सबका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बताया कि जीवन रक्षक दवा पीडित लोगों को दी गई है और उनकी स्थिति को सामान्य स्तर पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। डॉक्टर ने सलाह दी है कि गर्मी का मौसम आने के साथ कई प्रकार की चुनौतियां जन स्वास्थ्य को लेकर उत्पन्न हो जाती हैं। इस कालखंड में सबसे ज्यादा जरूरत इस बात की है कि हर कोई सुरक्षित और शुद्ध पेयजल का उपयोग करने की मानसिकता बनाए। ऐसे किसी भी स्थान पर पानी को न रखें जहां पर जीव जंतुओं की पहुंच हो सकती है और वह उनके लिए संकट का कारण बन सकते हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, लिए गए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय

**रायपुर**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए -

§ मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुमोदन किया गया।

वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति वर्ष 2024-25 की भांति होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 674 मदिरा दुकानें तथा आवश्यकता अनुसार प्रीमियम मदिरा दुकानें संचालित करने का निर्णय भी यथावत् रखा गया है। देशी मदिरा की आपूर्ति पूर्ववत् रेट ऑफर प्रभावी रहेगा। विदेशी मदिरा थोक क्रय, वितरण छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा होगा। मदिरा पर लागू अधोसंरचना विकास शुल्क यथावत् रहेगा। विदेशी मदिरा फुटकर दुकानों पर 9.5 प्रतिशत की दर से लगने वाला अतिरिक्त आबकारी शुल्क समाप्त होगा।

§ मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ लोक परिसर (बेदखली) (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

§ मंत्रिपरिषद द्वारा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के हित को देखते हुए ई-प्रोक्योरमेंट के लिए गठित सशक्त समिति को समाप्त करने का निर्णय लिया। चूंकि वर्तमान में पीएफआईसी द्वारा 100 करोड़ रूपए से उपर की परियोजनाएं स्वीकृत किए जा रहे हैं। बड़ी आईटी परियोजनाओं के संबंध में पहले से सशक्त समिति अनुमोदन की अनिवार्यता होने से अनुमोदन प्रक्रिया का डुप्लिकेशन होता है। इस कारण सशक्त समिति को समाप्त करने का निर्णय लिया।

§ छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और उपभोक्ता मामलों की समयबद्ध सुनवाई के लिए सदस्य का एक नवीन पद सृजित करने का निर्णय लिया गया।

§ खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के समर्थन मूल्य योजना में धान एवं चावल परिवहन की दर के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की अनुशंसा दर को स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।

§ छत्तीसगढ़ श्रम विधियां संशोधन एवं विविध प्रकीर्ण उपबंध विधेयक-2025 के माध्यम से कारखाना अधिनियम-1948, औद्योगिक विवाद अधिनियम-1947 तथा ट्रेड यूनियन अधिनियम-1976 में संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

§ रजिस्ट्रीकरण अधिनियम-1908 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

§ रजिस्ट्री ऑफिसों के नियमित रूप से संचालन के लिए वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग में उप पंजीयक के पदोन्नति श्रेणी के रिक्त 9 पदों की पूर्ति के लिए पांच वर्ष की अर्हकारी सेवा में एक बार के लिए छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

§ राज्य में 01 नवम्बर 2024 से औद्योगिक विकास नीति 2024-30 प्रभावशील है। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम-2002 में प्रस्तावित संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

§ छत्तीसगढ़ सरकार एवं व्यक्ति विकास केन्द्र इंडिया (द आर्ट ऑफ लिविंग) के मध्य आजीविका सृजन एवं ग्रामीण छत्तीसगढ़ का कल्याण विषयक एमओयू के लिए राज्य सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग को अधिकृत किया गया।

## मुख्य मार्ग को अवरूद्ध कर बर्थडे मनाने पर कार्यवाही पर दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर ।** आरएनएस

थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत उदया सासोयटी बिजली आफिस वाली रोड पर मनाया गया बर्थडे। आरोपी करणवीर सिंह का निवास उदया सोसायटी है दिनांक 28.02.25 को अपने घर कालोनी के मुख्य मार्ग पर अपने दोस्तो के साथ मना कर रहा था बर्थडे पार्टी। आरोपी करणवीर सिंह एंव उनके साथीयो के विरूध अवगमन बाधित कर आम नागारिको को आने जाने पर हुई परेशानी पर अपराध क्रमाक 73/25 धारा 126(2),3(5)क्चहस् पंजीबद्ध किया गया। आरोपी करणवीर सिंह एंव जोबन सिंह की गई गिरफतारी।

शहर के चौक चौराहो पर मेन रोड व सार्वजानिक मार्ग जहां पर कोई व्यक्ति अपने बर्थडे पार्टी को मनाता है जिससे आवागमन बाधित होता आम नागारिक को आने जाने पर तकलीफ का सामना करना पडता है इस पर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसी क्रम मे दिनांक 28.02.25 को थाना क्षेत्रांतर्गत उदया सोसायटी बिजली आफिस जाने वाली रोड पर निवासी करणवीर सिंह एंव उनके साथी मुख्य मार्ग पर अपने अन्य दोस्तो के साथ मिलकर करणवीर सिंह अपना जन्म दिन मना रहा था जो बीच रास्ते मे बर्थडे केक काट रहा था जिससे रोड अवागमन पुरी तरह बाधित हो गया था एंव आने जाने वाले लोगो का तकलिफ का सामना करना पड रहा था। जिसस पर थाना आमानाका टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये करणवीर सिंह एंव उनके साथीयो के विरूद्ध अपराध कायम आरोपी करणवीर सिंह एंव जोबन सिंह की गिरफतारी की गई है एंव अन्य साथीयो की पतासाजी कर गिरफतारी की जायेंगी।

गिरफ्तार आरोपी -

01. करणवीर सिंह पिता हरवीर सिंह उम्र 22साल निवासी सेक्टर 02 उदया सोसायटी टाटीबंध रायपुर छ0ग। जोबन सिंह पिता प्रगट सिंह उम्र 21 साल निवासी उदया सोसायटी टाटीबंध रायपुर।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

**जशपुरनगर**




शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, कांटाबेल विकासखंड मनोरा, जिला जशपुर संजय कुमार पटेल विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोरा के मार्गदर्शन में मनोरा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कांटाबेल में विगत दिवस राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधान पाठक मंगल देव तिर्की ने अपने स्वागत संबोधन में विज्ञान दिवस के महत्व को रेखांकित किया और विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने हेतु प्रेरित किया।

इसके पश्चात विज्ञान शिक्षक ओमप्रकाश चौधरी ने विभिन्न रोचक वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन कर बच्चों को विज्ञान की ओर आकर्षित किया। इन प्रयोगों में बिना बाहरी हवा के गुब्बारा फूलना, नॉन-न्यूटोनियन फ्लूड, उत्प्लावन, सघन और विरल द्रव का प्रभाव आदि शामिल थे। इन अद्भुत प्रयोगों ने विद्यार्थियों को चकित कर दिया और उनके मन में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत की। अपने संबोधन में विज्ञान के महत्व और दैनिक जीवन में इसके अनुप्रयोगों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं परिणाम**

कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला, निबंध लेखन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों की सूची इस प्रकार है

**निबंध लेखन प्रतियोगिता**

प्रथम स्थान - सृष्टि बाई द्वितीय स्थान - आशिका मिंज तृतीय स्थान - आलोक प्रधान चित्रकला प्रतियोगिता

प्रथम स्थान - आलोक प्रधान द्वितीय स्थान - आशिका मिंज, बजरंग मोहक बैरागी, अरुणा सिंह तृतीय स्थान - भागवत बैरागी क्विज प्रतियोगिता

प्रथम स्थान - प्रणिता इंदुवार द्वितीय स्थान - आलोक प्रधान तृतीय स्थान आशिका मिंज

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों सुधा तिर्की, परमजीत कुमार बघेल एवं देवेंद्र कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा।

विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया और सभी बच्चों को चॉकलेट वितरित किया गया।

## मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की हुई शिनाख्ती

**सुकमा ।** आरएनएस



गुंडराजगुडेम मुठभेड़ में मारे गयें माओवादियों की शिनाख्तगी पामेड़ एरिया कमेटी में सक्रिय महिला माओवादी सोड़ी लिंगे ृष्टरू एवं पुरूष माओवादी पोडिय़ाम हड़मा कैडर के रूप में हुई। मारे गयें माओवादियों में कुल 10 लाख के घोषित ईनामी हार्डकोर माओवादी शामिल। 01 नग बीजीएल लांचर, 01 नग 12 बोर रायफल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद। पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण द्वारा बताया गया कि नक्सल विरोधी सर्च अभियान में दिनांक 28.02.2025 को जिला सुकमा डीआरजी एवं 203 ष्टशक्चक्रर की संयुक्त पार्टी शीर्ष माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर गुंडराजगुड़ेम क्षेत्र में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान दिनांक 01.03.2025 के प्रात: लगभग 09:00 बजे गुंडराजगुडेम के मध्य जंगल पहाड़ में सुकमा डीआरजी टीम एवं सशस्त्र माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो रूक-रूक कर चलती रही। मुठभेड़ समाप्ति उपरांत सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर 02 (01 महिला, 01 पुरूष) हार्डकोर माओवादियों का शव हथियार सामग्री सहित बरामद हुआ। मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों का नाम व पद:-

01. सोड़ी लिंगे एसीएम (एरिया पडियारो पोल्लो अध्यक्ष) निवासी पश्चिम बस्तर बीजापुर क्षेत्र, ईनामी 05 लाख। पोडिय़ाम हड़मा एसीएम (जनताना सरकार अध्यक्ष) निवासी पश्चिम बस्तर बीजापुर, ईनामी 5 लाख। बरामद हथियार व नक्सल अन्य सामग्री का विवरण:- 01. 01 नग बीजीएल लांचर। 02. 01 नग 12 बोर बंदूक। 03. 05 नग बीजीएल सेल। 04. 05 नग 12 बोर रायफल के जिंदा राउंड। 05. 01 नग वायरलेस सेट। 06. 04 नग बीजीएल कॉटीज। भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य, दैनिक उपयोगी सामान बरामद। सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज द्वारा बताया गया कि बस्तर पुलिस एवं क्षेत्र में तैनात द्वारा लोकतंत्र की रक्षा व क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पूर्ण कर्तव्यपरायणता के साथ अपनी जान की परवाह न करते हुये लगातार कार्य किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इस दिशा में हमारा संकल्प, प्रयास और भी ज्यादा मजबूत होगा।

## एलपीजी सिलेंडर के दाम में हुई बढ़ोतरी, 6 रुपए महंगा हुआ सिलेंडर

**रायपुर ।** आरएनएस




शनिवार 1 मार्च को एलपीजी सिलेंडर के नए रेट जारी हो गए हैं। एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) के नए रेट के मुताबिक बजट के दिन मिली राहत आज छीन ली गई है। 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी की गई है। आज दिल्ली से कोलकाता तक यह सिलेंडर 6 रुपये महंगा हुआ है। हालांकि, कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के मार्च का प्राइस ट्रेंड देखें तो पिछले 5 सालों में 1 मार्च को सबसे कम बढ़ोतरी है। इंडियन ऑयल के पोर्टल पर दिए गए आंकड़ों के मुताबिक मार्च में कॉमर्शियल का दाम सबसे अधिक 2023 में बढ़ा था, जब एक ही झटके में दाम 352 रुपये उछल गए।

बता दें बजट के दिन एलपीजी गैस सिलेंडर के रेट में 7 रुपये की मिली छोटी सी राहत केवल 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर को मिली थी। घरेलू गैस सिलेंडर यानी 14 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में 1 अगस्त 2024 से कोई बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल द्वारा जारी ताजा रेट के मुताबिक दिल्ली में आज 1 फरवरी से 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर अब 1803 रुपये का हो गया है। पहले फरवरी में 1797 रुपये था और जनवरी में 1804 रुपये का।

कोलकाता में यही कॉमर्शियल सिलेंडर अब 1913 रुपये में मिलेगा। यह फरवरी में 1911 रुपये से घटकर 1907 रुपये हुआ था। मुंबई में एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब फिर से 1755.50 रुपये हो गई है। फरवरी में 1749.50 रुपये थी और जनवरी में इसकी कीमत 1756 रुपये थी। 19 किलो वाले नीले सिलेंडर के भाव कोलकाता में भी बदले हैं। इसकी कीमत यहां 1965.50 रुपये हो गई है। फरवरी में 1959.50 रुपये थी और जनवरी में 1966 रुपये।

### नव उद्यमियों के लिए अपार संभावनाएं – मुख्यमंत्री साय

# फार्मा, रियल एस्टेट और आईटी क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**रायपुर**



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास और नव उद्यमिता के लिए अपार संभावनाओं से भरा राज्य है। यह राज्य वन, खनिज और ऊर्जा संसाधनों से समृद्ध है और बिजली उत्पादन में सरप्लस राज्यों में शामिल है। इन संसाधनों के चलते यहाँ उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। सरकार निवेशकों और नव उद्यमियों को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है, ताकि प्रदेश में आर्थिक विकास और रोजगार के नए अवसरों को प्रोत्साहित किया जा सके।

उन्होंने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में फार्मा, रियल एस्टेट और आईटी क्षेत्र के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव डॉ. बसवराजू एस., पी. दयानंद, राहुल भगत, उद्योग सचिव रजत कुमार और प्रबंध संचालक विश्वेष झा उपस्थित थे।

**नई औद्योगिक नीति 2024-30 से उद्योग स्थापना होगी आसान**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू की गई है, जिससे निवेशकों के लिए उद्योग स्थापित करना पहले से अधिक सरल और सुविधाजनक हो गया है। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन और त्वरित प्रोसेसिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे निवेश प्रक्रिया पारदर्शी और तेज़ बनी है। इसके अतिरिक्त, 'सिंगल विंडो 2.0' प्रणाली लागू की गई है, जिससे सभी आवश्यक स्वीकृतियाँ आसानी से मिल रही हैं और निवेशकों को किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

**नए औद्योगिक पार्क से निवेश को मिलेगा बढ़ावा**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना कर रही है, जिससे उद्योगपतियों को आवश्यक बुनियादी ढाँचा और संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे नव उद्यमियों को भी सशक्त वातावरण मिलेगा, जिससे वे अपनी व्यावसायिक यात्रा को मजबूती से आगे बढ़ा सकें। इस पहल से न केवल औद्योगिक इकाइयों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

**छत्तीसगढ़ में रिकॉर्ड निवेश प्रस्ताव, पहली बार सेमीकंडक्टर और एआई सेक्टर को बढ़ावा**

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद अब तक छत्तीसगढ़ को 1.23 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। प्रदेश में एआई, आईटी, डाटा सेंटर, फार्मास्युटिकल, रियल एस्टेट और रोबोटिक्स जैसे सेक्टरों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, छत्तीसगढ़ में पहली बार सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर और एआई आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जो प्रदेश के औद्योगिक विकास में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होंगे।

**औद्योगिक निवेश को लेकर सकारात्मक संवाद**

मुख्यमंत्री साय ने बैठक के दौरान उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार उद्यमियों को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक नीति स्पष्ट, पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल हैं, जिससे देश-विदेश के उद्योगपतियों को छत्तीसगढ़ में व्यापार स्थापित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री साय ने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार उनके व्यापार को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग देगी। राज्य की नई औद्योगिक पहल प्रदेश को आर्थिक प्रगति और नवाचार के नए दौर में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित उद्यमियों और निवेशकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें प्रमुख रूप से मैनकाइंड फार्मा से गौरव चौहान, एम्बेसी रीट के सीईओ विकास खडोलिया, यूअरस्टोरी की संस्थापक श्रद्धा शर्मा और मायट्री स्कूल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप के फाउंडर रोहित कश्यप शामिल थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480